# श्रीलंका के खिलाफ जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी टीम इंडिया

शाम सात बजे शुरू होगा मुकाबला

लखनऊ (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। इस सीरीज में हालांकि भारतीय टीम को अपने दो खिलाड़ियों सूर्यकुमार यादव और दीपक चाहर के बिना ही उतना होगा। यह दोनो ही चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ इन दोनो ने ही शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में इनका बाहर होना भारतीय टीम के लिए करारा झटका रहेगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज में अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी को आजमा सकते हैं। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम ने विराट कोहली, ऋषभ पंत को आराम दिया है जबकि लोकेश राहुल चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में युवा खिलाड़ियों इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन को अवसर मिलना तय नजर आ रहा है।

कोहली के टीम में नहीं होने कारण मध्य क्रम में अय्यर के पास अधिक ओवर खेलने और बड़ा स्कोर बनाकर अपनी जगह पक्की करने का अच्छा अवसर रहेगा। कोहली की वापसी के बाद उनका नंबर तीन पर खेलना तय है। रुतुराज और अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 में रन नहीं बना पाये थे , ऐसे में अब यह दोनो ही श्रीलंका के खिलाफ बड़े स्कोर बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने 'फिनिशर' की भूमिका अच्छी तरह से निभायी थी। इस सीरीज में यदि वह अपनी गेंदबाजी भी बेहतर कर लें तो विश्व कप में उन्हें ऑलराउंडर के तौर पर जगह मिल सकती है। सूर्यकुमार और चाहर के चोटिल होने के कारण बाहर होने से ऑलराउंडर होने के कारण वेंकटेश पर जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सैमसन को भी टीम में शामिल किया गया है और अब यह देखना होगा कि टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में किस प्रकार से जगह देता है। स्पिनर रवि बिश्नोई ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था , इसलिए उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिलना तया है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह की वापसी से वह बेहतर हुआ है।

इकसे अलावा उन्हें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और युवा मोहम्मद सिराज का भी साथ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर श्रीलंका की बात करें तो उसे हाल ही में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बल्लेबाज किसी भी मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। जिससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। ऐसे में अब कप्तान दासुन शनाका को उम्मीद रहेगी कि भारतीय पिचों पर अनुकूल हालातों में उनके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

श्रीलंकाई टीम को इस सीरीज में अपने स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा के बिना ही उतरना रहेगा क्योंकि हसरंगा कोविड-19 के हुए एक और टेस्ट में पॉजिटिव पाये गये हैं जिसके बाद उन्हें पृथकवास में भेज दिया गया है। इसके अलावा अगर आंकड़ा की बात करें तो वह भी लंकाई टीम के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि आज तक वह भारतीय टीम को घरेलू धरती पर नहीं हरा पायी है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, इशान किशन (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान।

श्रीलंकाः दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसाल मेंडिस, चारित असलंका (उप-कप्तान), दिनेश चांदीमल, दनुष्का गुणाथिलका, कामिल मिशारा, जनीथ लियानागे, चामिका करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, लाहिरू कुमारा, बिनुरा फर्नांडो, शिरन फर्नांडो, महेश तीक्षाना, जेफरी वांडरसे, प्रवीण जयाविक्रमा, आशियान डेनियल।

# रूस और यूक्रेन विवाद पर भारत से रुख की रुस ने सराहना की

मास्को (ईएमएस)। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। भारत के साथ-साथ पूरे विश्व की नजर इस घटनाक्रम पर है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस-यूक्रेन के ताजा हालात पर चर्चा हुई। इस चर्चा में भारत ने भी अपना पक्ष मजबूती से रखा। इसपर रूस ने भारत के पक्ष की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया है। भारत में रूस के मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा कि भारत फिलहाल एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हम भारत के स्वतंत्र स्थिति का स्वागत करते हैं, जिसे भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दो बार लिया है। रोमन बाबुश्किन ने कहा कि सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के विचार दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को दर्शाती है।

रूस की ओर से कहा गया है, कि भारत वर्तमान में जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह वैश्विक मामलों के लिए एक स्वतंत्र और संतुलित दृष्टिकोण भी अपनाता है। उन्होंने कहा कि रूस-भारत साझेदारी एक मजबूत और ठोस नींव पर आधारित है। यह आपसी विश्वास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी साझेदारी उसी स्तर पर आगे भी जारी रहेगी जिसका हम आज आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा, हमने रक्षा क्षेत्र में 10 साल के सहयोग के कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए हैं। हमारे पास पाइपलाइन में बहुत सी बड़ी परियोजनाएं हैं, हमें पूरा विश्वास है, कि हमारी सभी योजनाएं सफलतापूर्वक लागू होगी। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा कि हम यूक्रेन की पूर्वी सीमा पर हो रही गतिविधियों और रूसी संघ द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा सहित पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।

रूस-यूक्रेन सीमा पर बढ़ते तनाव को लेकर गहरी चिंता व्यक्त कर उन्होंने कहा, हम एक सैन्य तनाव का जोखिम नहीं उठा सकते। भारत ने इसके साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान कर कहा कि सभी देशों के वैध सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए और क्षेत्र में दीर्घकालीन शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए तनाव कम करना'' तात्कालिक प्राथमिकता है। तिरुमूर्ति ने कहा कि हम आश्वस्त हैं कि इस मुद्दे को कूटनीतिक संवाद के जरिए ही हल किया जा सकता है। हमें तनाव कम करने की कोशिश में लगे पक्षों द्वारा हाल में उठाए गए कदमों को वक्त देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में नयी दिल्ली त्रिपक्षीय संपर्कसमूह और नॉरमैंडी प्रारूप समेत अन्य प्रयासों का स्वागत करती है।

# रुस को दोस्त चीन से मिल रही पूरी मदद, प्रतिबंध से नहीं डर रहे पुतिन

मॉस्को (ईएमएस)। रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले की आशंका तेजी से बढ़ी हैं। ऐसा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थित अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के साथ ही हो गया है।रूस के फैसले से तनाव और बढ़ गया है। इस बीच अमेरिका और कनाडा की ओर से रूस को लेकर कई प्रतिबंधों की घोषणा की गई है। उधर जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि उनके देश ने नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन के प्रमाणन की प्रक्रिया को रोकने के लिए कदम उठाए हैं, क्योंकि पश्चिमी देश यूक्रेन संकट के मद्देनजर रूस के खिलाफ दंडात्मक उपाय कर रहे हैं। यह फैसला जर्मन सरकार का महत्वपूर्ण कदम है, इसकी आलोचना रूस ने की है। लेकिन रूस को चीन से अब मदद मिल रही है।

पाइपलाइन के द्वारा रूस से यूक्रेन और पोलैंड के रास्ते बाल्टिक सागर से जर्मनी को गैस भेजने की योजना थी। हालांकि विशेषज्ञ ऐसी संभावना हैं कि पुतिन को यूरोपीय देशों और अमेरिका से मिल प्रतिबंधों के बाद भी एक लाइफलाइन मिली है, जो उसकी परेशानियां कम कर सकेगी। दरसअल कुछ दिन पहले रूस ने चीन के साथ समझौता किया था। इसके तहत रूस अगले 30 साल तक चीन को गैस उपलब्ध कराएगा। इस समझौते के तहत रूस समर्थित ऑयल कॉरपोरेशन गैजप्रोम ने चीनी कंपनी सीएनपीसी को हर साल 10 अरब क्यूबिक मीटर गैस सप्लाई करने को राजी हुआ है। रूसी विशेषज्ञ का कहना है कि पुतिन और रूस के लिए यह डील काफी सहायक होगी। 117 अरब अमेरिकी डॉलर के रूसी तेल और गैस को चीन भेजने के लिए एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। अगर कोई आक्रमण होता है,तब यह समझौता मास्को को रूस से यूरोप तक नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन को रोकने के अमेरिकी खतरों से संभावित नतीजों को कम करने में मदद देता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि चीन और रूस के बीच हुए इन समझौतों के कारण 2050 तक रूस चीन का सबसे बड़ा सप्लायर बन सकता है।रूसी रोजनेफ्ट कंपनी के कुल तेल उत्पादन का 25 फीसदी हिस्सा अब चीन के पास जा सकता है।वैसे रूस पहले से ही चीन को गैस सप्लाई कर रहा है। यह सप्लाई सर्बिया पाइपलाइन के द्वारा 2019 में शुरू हुई थी।इसके साथ ही रूस लिक्विफाइड नेचुरल गैस को समुद्र के रास्ते चीन भेज रहा है।

# अमेरिकी भारतीय चिकित्सक संघ का 40वां वार्षिक सम्मेलन टेक्सास में होगा संपन्न

वॉशिंगटन (ईएमएस)। विदेशों में अपनी असाधारण प्रतिभा का लोहा मनवा रहे अमेरिका के सबसे प्रभावशाली समुदायों में से एक भारतीय-अमेरिकी डॉक्टरों का समूह, टेक्सास में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर 'एएपीआई' की 40वीं वर्षगांठ मनाने की योजना बना रहा है। इस आयोजन को विख्यात चिकित्सक डॉ. पीटर होटेज और भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर समेत अन्य दिग्गज संबोधित करेंगे। भारतीय मूल के अमेरिकी डॉक्टरों का संघ (एएपीआई) अमेरिका में सबसे बड़ा सामुदायिक चिकित्सकों का संगठन है जो कि एक लाख से अधिक डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करता है। एएपीआई की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा गोती मुकुल ने बताया कि एएपीआई का वार्षिक सम्मेलन इस साल 23 जून से 26 जून तक चलेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें अपना वीडियो संदेश भेज सकते हैं। इस सम्मेलन में भारतीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी इस सम्मेलन में शामिल होने का न्योता भेजा गया है। अमेरिका के राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण निदेशक डॉ. राहुल गुप्ता भी इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह पहले ऐसे चिकित्सक हैं जिन्होंने व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण नीति कार्यालय का नेतृत्व किया। डॉ गुप्ता, बाइडन प्रशासन में सबसे ऊंचे पद तक पहुंचने वाले भारतीय-अमेरिकी हैं। गोतीमुकुल ने कहा, यह एएपीआई का 40वां सम्मेलन होगा। यह एक मील का पत्थर साबित होने वाला आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि होटेज, टीके के विकास और उष्णकटिबंधीय रोगों के विषय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक डॉक्टर और वैज्ञानिक हैं और वह सम्मेलन के प्रमुख वक्ता होंगे। डॉ। होटेज के योगदान के कारण भारत में जल्दी ही किफायती दरों पर कोविड रोधी टीके उपलब्ध होंगे। गोटेज और अनुसंधानकर्ताओं के उनके दल ने 'कोरबेवैक्स' नामक टीके के विकास में योगदान दिया है। गोतीमुकुल ने कहा कि इस टीके की पिछले महीने भारत की औषधि नियामक संस्था ने आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। एएपीआई के वार्षिक आयोजन को भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज रहे पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर भी संबोधित करेंगे।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। रुस और यूक्रेन में तनाव बढ़ने से मुम्बई शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट का माहौल रहा। यूक्रेन संकट के कारण निवेशकों में आये डर से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई जिससे बिकवाली हावी हुई। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 68.62 अंक करीब 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ ही 57,232.06 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 28.95 अंक तकरीबन 0.12 फीसदी नीचे आकर 17,063.25 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान दोनो ही सूचकांक अधिकांश समय सकारात्मक दायरे में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, एलएंडटी, नेस्ले और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी। शेयर बाजारों के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 3,245.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं जानकारों के अनुसार रूस और यूक्रेन संकट के कारण बाजार के हालात का अंदाजा लगाना कठिन हो रहा है। वहीं अगर इस मामले का हल बातचीत से निकलता है तो बाजार में उत्साह लौट सकता है।

# सोने में गिरावट, चांदी में हल्की बढ़त

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें गिरी हैं जबकि चांदी में हल्की बढ़त आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गिरावट से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 126 रुपये कम होकर 49,960 प्रति दस ग्राम पर पहुंच गयी। वहीं इससे पहले के कारोबारी सत्र में सोना 50,086 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था जबकि चांदी हल्की बढ़त के साथ ही 63,939 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 63,939 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नीचे आकर 1,896 डॉलर प्रति औंस व चांदी बढ़त के साथ 24.11 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी।

# यूक्रेन में रूस के दखल की वजह से जर्मनी ने निलंबित किया नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट

बर्लिन (ईएमएस)। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि उनके देश ने नॉर्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन के प्रमाणन की प्रक्रिया को रोकने के लिए कदम उठाए हैं, क्योंकि पश्चिमी देश यूक्रेन संकट के मद्देनजर रूस के खिलाफ दंडात्मक उपाय कर रहे हैं। यह फैसला जर्मन सरकार का महत्वपूर्ण कदम है, रूस ने इस कदम की आलोचना की है।

शोल्ज ने कहा उनकी सरकार ने यह फैसला पूर्वी यूक्रेन के दो अलग हुए क्षेत्रों की स्वायत्तता को मंजूरी देने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के फैसले के जवाब में लिया है। उन्होंने पुतिन के फैसले को अंतरराष्ट्रीय कानून का गम्भीर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने बर्लिन में कहा अब यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर निर्भर है कि वह रूसी राष्ट्रपति की इस एकतरफा, समझ से बाहर और अनुचित कार्रवाई का जवाब दे।

उन्होंने आगे कहा मॉस्को को यह संदेश देना अब जरूरी हो गया है कि उसकी ऐसी कार्रवाइयों का परिणाम अवश्य सामने आएगा। अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों की ओर से इस परियोजना से बाहर निकलने के लगातार दबाव का जर्मनी ने हाल के दिनों तक विरोध किया था। रूस से पाइपलाइन के जरिए जर्मनी तक प्राकृतिक गैस लाने की अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश लंबे समय से आलोचना करते रहे हैं।

इन देशों का कहना है कि यह रूसी ऊर्जा आपूर्ति पर यूरोप की निर्भरता को बढ़ाता है। अमेरिकी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नॉर्ड स्ट्रीम 2 यूक्रेन और पोलैंड के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि यह रूस को उन देशों के रास्ते गैस भेजना बंद करने की अनुमति दे सकता है। शोल्ज ने कहा, अब स्थिति मूलरूप से अलग हो गई है।

अपने इस बयान की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा अब सरकार ने जर्मनी की गैस आपूर्ति की सुरक्षा पर पाइपलाइन के प्रभाव से संबंधित रिपोर्ट वापस ले ली है। यह पाइपलाइन अभी चालू नहीं हुई है। शोल्ज ने कहा जर्मनी का अर्थव्यवस्था मंत्रालय नवीनतम घटनाक्रमों के परिप्रेक्ष्य में स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगा। उन्होंने कहा अगर मैं कहूं तो इसमें निश्चित रूप से समय लगेगा।

# अंतरराष्ट्रीय सेवाएं सामान्य होने पर मुंबई से 1,000 उड़ानें संचालित होंगी

मुंबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय सेवाएं सामान्य होने के बाद मुंबई हवाईअड्डा से प्र?तिदिन 1,000 से अधिक ?विमान सेवाओं का संचालन होगा। एटीसी गिल्ड ने यह बात कही है। फिलहाल देश के दूसरे सबसे बड़े हवाईअड्डे पर हवाई यातायात कोविड-पूर्व स्तर से करीब 25 प्रतिशत कम है। सात जून, 2018 को इस हवाईअड्डे पर विमानों की आवाजाही का आंकड़ा 1,003 था। एटीसी गिल्ड (इंडिया) के मुता?बिक मार्च, 2020 में महामारी से पहले इस हवाईअड्डे पर प्रतिदिन 950 विमान आ रहे थे। फिलहाल यह संख्या घटकर 700 से कुछ अधिक है। अभी यहां प्रतिदिन 700 विमानों की आवाजाही है। यह महामारी-पूर्व के स्तर से अभी 25 प्रतिशत कम है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें काफी कम हैं और इसमें अधिक हिस्सेदारी घरेलू उड़ानों की है। नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जल्द शुरू होंगी।

# ट्रंप ने की पुतिन की तारीफ, कहा रूस ने यूक्रेन पर की स्मार्ट कार्रवाई, अमेरिका को लेना चाहिए सबक

वॉशिंगटन (ईएमएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के विद्रोही इलाकों लुहान्स्क और डोनेट्स्क को मान्यता देने के बाद वहां सेना भेजने का आदेश दे दिया है। उनके इस फैसले की चारों ओर आलोचना हो रही है। अमेरिका और कुछ अन्य पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध भी लगा दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के खतरे ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है।

एक रेडियो प्रोग्राम पर बोलते हुए ट्रंप ने इस वैश्विक तनाव अपनी चुप्पी तोड़ी है और पुतिन के इस फैसले को बुद्धिमानी भरा फैसला बताया है। पुतिन ने सोमवार को लुहान्स्क और डोनेट्स्क की स्वतंत्रता को मान्यता दे दी थी। इसके बाद दोनों रूस के लिए 'अलग देश' के रूप में अस्तित्व में आ गए हैं।

उन्होंने कहा तो पुतिन अब कह रहे हैं कि युक्रेन का एक बड़ा हिस्सा स्वतंत्र है, और अब वह अंदर जाकर शांतिदूत बनेंगे। हम भी इसका इस्तेमाल अपनी दक्षिणी सीमा पर कर सकते हैं। मैंने इससे बड़ी शाति सेना पहले कभी नहीं देखी। इतनी बड़ी संख्या में आर्मी टैंक कभी नहीं देखे। वे शांति बनाए रखेंगे। ठीक है। ज्ञात हो कि अमेरिका और रूस एक-दूसरे के पुराने विरोधी हैं, लेकिन ट्रंप पुतिन के पुराने फैन हैं।

2013 में उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि क्या पुतिन मॉस्को में उनके मिस यूनिवर्स समारोह में शामिल होंगे और क्या दोनों 'बेस्ट फ्रेंड' बन सकते हैं। हाल के वर्षों में ट्रंप ने कई बार पुतिन की रणनीतिक सूझबूझ की तारीफ की है, इसमें 'रूसी साम्राज्य' को दोबारा खड़े करने के इरादे शामिल हैं। उन्होंने पत्रकारों और आलोचकों पर पुतिन की दमनकारी कार्रवाइयों का भी बचाव किया है। यूक्रेन को लेकर पुतिन की हलिया कार्रवाई को यूक्रेन की संप्रभुता का उल्लंघन माना जा रहा है। अमेरिका ने भी रूसी बैंकों और कुलीन वर्गों के खिलाफ कड़े वित्तीय प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। बाइडन ने कहा कि रूस का यूक्रेन पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुलेआम उल्लंघन है। उन्होंने कहा पुतिन के यूक्रेन संबंधी दावों से 'हममें से कोई मूर्ख नहीं बनेगा। बाइडन ने साफ कर दिया कि अगर पुतिन आगे कोई कार्रवाई करते हैं तो प्रतिबंधों को बढ़ाया जाएगा।

# अमेरिका में हेलीकॉप्टर हादसे में चार की मौत

होनोलूलू (ईएमएस)। अमेरिका में हवाई के कोआई द्वीप में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी नौसना ने यह जानकारी दी। पैसिफिक मिसाइल रेंज फैसिलिटी ने बताया कि ड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई है। पैसिफिक मिसाइल रेंज फैसिलिटी' ने एक विज्ञप्ति में बताया कि हेलीकॉप्टर क्रोमैन कोर से रवाना हुआ था और प्रशिक्षण अभियान में सहयोग कर रहा था। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने ट्वीट किया कि एजेंसी सिकोरस्की एस-61 एन हेलीकॉप्टर हादसे की जांच कर रही है।

# 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत : मुकेश अंबानी

नई दिल्ली (ईएमएस)। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने बुधवार को दावा किया कि 2030 तक भारत जीडीपी के मामले में जापान को पीछे छोड़ देगा। इसके साथ ही भारत एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन पुणे इंटरनेशनल सेंटर के कार्यक्रम एशिया इकोनॉमिक डॉयलॉग 2022 में एक चर्चा में भाग ले रहे थे।

उनसे जब पूछा गया कि आने वाले समय में भारत और एशिया की क्या स्थिति रहने वाली है। इसका जवाब देते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि एशिया ने पिछली 2 सदियों के दौरान बुरा समय देखा है। अब एशिया का समय आ चुका है और 21वीं सदी एशिया की होगी। ग्लोबल इकोनॉमी का सेंटर एशिया शिफ्ट हो चुका है। एशिया की जीडीपी बाकी दुनिया से ज्यादा हो चुकी है। इंडियन इकोनॉमी के बारे में मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत की जीडीपी 2030 तक जापान से बड़ी हो जाएगी।

इसके साथ ही भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। चीन की ग्रोथ स्टोरी जितनी शानदार है, भारत की स्टोरी उससे कम शानदार नहीं होने वाली है। उन्होंने इसके लिए 3 टारगेट भी सेट किया। अंबानी ने कहा भारत को तीन चीजों पर काम करने की जरूरत है। सबसे पहले भारत 10 फीसदी से ज्यादा के ग्रोथ रेट के लिए एनर्जी आउटपुट बढ़ाना होगा। उन्होंने दूसरा काम बताया कि भारत को एनर्जी बास्केट में क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी का शेयर बढ़ाना होगा। तीसरा और अंतिम काम आत्मनिर्भर बनना होगा।

उन्होंने भरोसा जाहिर किया कि अगले 10-15 साल में भारत की कोयले पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। ग्रीन एनर्जी को अगले इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन के लिए जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा इस पर फोकस करना अहम है। मुकेश अंबानी ने इस दौरान 'अर्थ फ्रेंडली इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन ' टर्म भी उछाला। इसके बारे में विस्तार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यूनिवर्स में कोई प्लैनेट बी नहीं है। सिर्फ प्लैनेट अर्थ ही है, जहां जीवन है। अभी तक के तीनों इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन ने अर्थ को नुकसान पहुंचाया है। इस कारण जरूरी है कि अब हम अर्थ फ्रेंडली इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन की ओर बढ़ें।

# मार्च-अप्रैल में बढ़ सकती हैं ईंधन की कीमतें

नई दिल्ली (ईएमएस)। मार्च-अप्रैल में देश में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। यूक्रेन-रूस संकट के गहराने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है लेकिन देश में दिवाली के बाद से पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। माना जा रहा है पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही अप्रैल से देश में गैस की कीमतें दोगुना हो सकती हैं। कच्चे तेल एवं गैस के प्रमुख उत्पादक देश रूस के यूक्रेन विवाद में उलझने से आपूर्ति बाधित होने की आशंका की चलते अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव मंगलवार को 99.38 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। हालांकि, इस वायदा भाव पर कुछ मुनाफावसूली होने से आखिर में यह 98 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर बंद हुआ। इससे पहले ब्रेंट क्रूड सात साल पहले सितंबर 2014 में 99 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर गया था। देश में पेट्रोल एवं डीजल की खुदरा बिक्री दरें 82-83 डॉलर प्रति बैरल के कच्चे तेल भाव के अनुरूप हैं।

# रुस की नई कार्रवाई पर कूटनीतिक चुप्पी बनाकर सयंम बरताने की बात कह रहा चीन

बीजिंग (ईएमएस)। यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कदम से पैदा हुए विवाद के बीच रूस के प्रमुख सहयोगी चीन ने मास्को की नई कार्रवाई पर कूटनीतिक चुप्पी बनाकर संयम बरतने का आह्वान किया। अमेरिका, यूरोपीय संघ और उनके सहयोगी देश, रूस के खिलाफ गतिरोध में यूक्रेन का मजबूती से समर्थन कर रहे हैं। लेकिन चीन ने यह कहकर अलग रूख दिखाया कि रूस की वैध सुरक्षा चिंताओं का सम्मान होना चाहिए। लेकिन यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के पुतिन के कदम को लेकर पूछे गए सवालों को टाल दिया।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन व चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई वार्ता में यूक्रेन मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्लिंकन ने वांग को यूक्रेन की मौजूदा स्थिति पर अमेरिका के विचारों और स्थिति से अवगत कराया, वहीं वांग ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति पर चीन करीबी नजर रख रहा है। वांग ने पुतिन के नवीनतम कदम का जिक्र करते हुए कहा कि चीन मुद्दे के आधार पर सभी पक्षों को शामिल करना जारी रखेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूक्रेन में स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने दो अलगाववादी क्षेत्रों के संबंध में पुतिन के कदम का जिक्र किए बगैर कहा कि चीन एक बार फिर सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को कम करने और बातचीत के माध्यम से मतभेदों को हल करने का आह्वान करता है।

# यूक्रेन में महिलाओं ने उठाए हथियार, 13000 से अधिक महिलाओं ने रूसी सैनिकों के विरुद्ध संभाला मोर्चा

कीव (ईएमएस)। रूसी हमले के खतरे के बीच यूक्रेन की सेना भी पूरी तरह तैयार है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की भी कह चुके हैं कि हमारी सेना अब पहले से अलग है। यूक्रेन की 'नई सेना' अब बड़ी संख्या में महिलाएं भी भर्ती हो रही हैं। महिलाओं ने देश की रक्षा के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर हथियार उठा लिए हैं। यूक्रेन की सेना महिलाओं को लड़ने की प्राथमिक ट्रेनिंग देकर युद्ध के लिए तैयार कर रही है।

यूक्रेन की सेना में महिलाओं की पहले से ही बड़ी भागीदारी है। 30 हजार से अधिक महिला सैनिकों में अब 20 से 60 साल की गृहणियां और कामकाजी महिलाएं भी शामिल हो रही हैं। ये महिला सैनिक किसी भी पुरुष सैनिक टुकड़ी पर भारी पड़ने के लिए काफी हैं। 2014 में जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था तब महिला सैनिकों ने अपना दम दिखाया था। रूस हमले में बड़ी संख्या में यूक्रेनी नागरिकों और सैनिकों की मौत भी हो गई थी।

यूक्रेन 1993 से अपनी सेना में महिलाओं को जगह दे रहा है। सेना में महिलाओं की भागीदारी 15 फीसदी है। कुल 1100 महिलाएं सैन्य अफसर के पद पर तैनात हैं। वहीं, युद्ध के मैदान में 13000 से अधिक महिलाएं मौजूद हैं। वर्तमान में यूक्रेन की महिला सैनिक देश के पूर्वी अशांत हिस्से में रूस समर्थित विद्रोहियों से लोहा ले रही हैं। डोनबास के दोनों इलाकों को रूस अलग देश के रूप में मान्यता दे चुका है और सेना तैनात करने के आदेश भी दे चुका है।

पिछले हफ्ते से विद्रोही इलाकों में गोलाबारी की खबरें आ रही हैं। युवा महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्ग सैनिक भी यूक्रेन की रक्षा के लिए आगे आ रही हैं। कई तस्वीरों में बुजुर्ग महिलाओं को एके-47 बंदूक के साथ अभ्यास करते हुए देखा गया था। वे रूस को खुलकर चुनौती दे रही हैं। यूक्रेन में 'बाबुश्खा बटालियन' नाम से बुजुर्ग महिलाओं की एक अलग बटालियन है। यह बटालियन युद्ध के समय सैन्य आपूर्ति, मेडिकल सहायता और खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का काम करती है। 2014 में क्रीमिया पर रूसी हमले के समय सैनिकों के लिए खंदक खोदने का काम किया था। कुछ दिनों पहले यूक्रेन की महिला सैनिक विवादों में आ गई थी। महिलाओं यहां परेड के दौरान हिल्स पहने हुए देखा गया था। इसके बाद फेमिनिस्ट्स ने सेना और सरकार पर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि ऐसा करके यूक्रेन की सेना पुरुष और महिलाओं के बीच भेद कर रही हैं। यूक्रेन सरकार को भी इसे लेकर कड़ी आलोचना का सवाल करना पड़ा था।

# सरकारी उपायों से एक साल में अरहर दाल के थोक भाव में आई गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने कहा कि दलहनों की घरेलू आपूर्ति बढ़ाने तथा कीमतों को स्थिर बनाने के लिए सरकार द्वारा ?किए गए उपायों से पिछले एक साल में अरहर दाल के थोक मूल्य में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को स्थिर करने के लिए कई उपाय किए हैं ?जिससे अरहर, अरहर दाल की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) के आंकड़ों के अनुसार 22 फरवरी को अरहर दाल का औसत थोक मूल्य 9,255.88 रुपए प्रति क्विंटल था, जो एक साल पहले इसी दिन 9,529.79 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2.87 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। इसी तरह 21 फरवरी को अरहर दाल का औसत थोक मूल्य 9,252.17 रुपए प्रति क्विंटल था, जो एक साल पहले इसी दिन 9,580.17 रुपए प्रति क्विंटल था। यह 3.42 प्रतिशत की गिरावट है। केंद्र ने कहा कि मई, 2021 में राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों की निगरानी और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत मिल मालिकों, आयातकों और व्यापारियों के पास दलहन भंडार का खुलासा सुनिश्चित करने के लिए परामर्श जारी किया गया था। मूंग को छोड़कर सभी दालों पर स्टॉक सीमा दो जुलाई, 2021 को अधिसूचित की गई थी। इसके बाद 19 जुलाई, 2021 को एक संशोधित आदेश जारी किया गया, जिसमें चार दालों, अरहर, उड़द, मसूर, चना पर 31 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि के लिए स्टॉक सीमा तय की गई। सरकार ने दलहनों का सुचारू और निर्बाध आयात सुनिश्चित करने के लिए 15 मई, 2021 से 31 अक्टूबर, 2021 तक मुक्त श्रेणी के तहत अरहर, उड़द और मूंग के आयात की अनुमति दी थी। अरहर और उड़द के आयात के संबंध में मुक्त व्यवस्था को 31 मार्च, 2022 तक बढ़ा दिया गया है। बयान में कहा गया है ?कि आयात संबंधी नीतिगत उपायों के परिणामस्वरूप पिछले दो वर्षों की इसी अवधि की तुलना में अरहर, उड़द और मूंग के आयात में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

# देश में 2021 में वित्तीय नियोजक 17 प्रतिशत बढ़े

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में वर्ष 2021 के दौरान प्रमाणित वित्तीय नियोजक (सीएफपी) पेशेवरों की संख्या 17 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। व्यक्तिगत वित्त समाधानों की मांग में वृद्धि से इन पेशवरों की संख्या बढ़ी है। वित्तीय नियोजन मानक बोर्ड (एफपीएसबी) ने यह जानकारी दी। भारत में सीएफ़पी पेशेवरों की संख्या पिछले साल 17.6 प्रतिशत बढ़कर 31 दिसंबर, 2021 तक 2,338 पर पहुंच गई। एफपीएसबी लिमिटेड ने कहा कि सीएफ़पी पेशेवरों में बढ़ती मांग दर्शाती है कि म्यूचुअल फंड, जीवन बीमा, बचत बैंक खातों और प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश जैसे क्षेत्रों में व्यक्तिगत वित्त समाधानों की स्वीकृति बढ़ी है। एफपीएसबी के अनुसार देश में सीएफ़पी पेशेवरों की मांग में ऐसे समय वृद्धि हुई है जब दुनियाभर में सीएफ़पी की संख्या 2,03,312 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है।

# ओमीक्रोन का सब-वेरिएंट बीए.2 ज्यादा संक्रामक, इससे आएगी कोरोना की एक और लहर : विशेषज्ञ

जेनेवा (ईएमएस)। ओमीक्रोन के सब-वेरिएंट बीए.2 को लेकर अलग-अलग तरह की आशंकाएं और अटकलें लगने लगी हैं। बताया जाता है कि कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन का सब-वेरिएंट बीए.2 मूल वेरिएंट से भी ज्यादा तेजी से फैलने वाला है। इस सब-वेरिएंट के डेल्टा से भी खतरनाक होने की आशंका जताई जा चुकी है। हालांकि, भारत के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी और नेशनल आईएमए कोविड टास्क फोर्स के को-चेयरमैन डॉ राजीव जयदेवन ने सुकून देने वाली बात कही है। उनका कहना है कि बीए.2 सब-वेरिएंट से एक और लहर आने की आशंका नहीं है। इतना ही नहीं, जो लोग पहले ही बीए.1 सब-वेरिएंट के संपर्क में आ चुके हैं, उन्हें भी शायद दोबारा इसका इन्फेक्शन न हो। राजीव ने इस बात पर भी जोर दिया है कि बीए.2 न तो नया वायरस है और न नया स्ट्रेन। हालांकि, बीए.1 सब-वेरिएंट के मुकाबले यह ज्यादा ट्रांसमिसिबल है। यानी यह कहीं ज्यादा तेजी से फैल सकता है।

हालांकि, इससे एक और लहर नहीं आएगी। राजीव का बयान जाने-माने महामारी विज्ञानी डॉ एरिक फीगल-डिंग की चेतावनी के बाद आया है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से बीए.2 सब वेरिएंट को 'वेरिएंट ऑफ कन्सर्न' घोषित करने के लिए कहा था। एरिक ने कहा था कि बीए.2 सब-वेरिएंट में गंभीर बीमारी करने की क्षमता है। जापान में हुए लैब एक्सपेरिमेंट का हवाला देते हुए डॉ एरिक ने कहा था कि बीए.2 सब-वेरिएंट कोरोना के डेल्टा वेरिएंट जितना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने बीए.2 सब-वेरिएंट को एक बुरी खबर करार दिया था।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहले कहा था कि बीए.2 सब-वेरिएंट पहले के सब-वेरिएंट की तुलना में अधिक ट्रांसमिसिबल, लेकिन गंभीर नहीं है। डब्ल्यूएचओ में कोरोना टेक्निकल लीड मारिया वैन केरखोवा ने एक वीडियो में कहा था सभी सब-वेरिएंट्स में बीए.2 बीए.1 की तुलना में ज्यादा ट्रांसमिसिबल है। हालांकि, गंभीरता के मामले में कोई अंतर नहीं है। जापान के वैज्ञानिकों ने पाया है कि बीए.2 वैसे तो ओमीक्रोन वेरिएंट माना जाता है। इसका जीनोमिक सीक्वेंस बीए.1 से बहुत अलग है। यह बताता है कि बीए.2 की वायरोलॉजिकल विशेषताएं बीए.1 से अलग हैं।

# मुख्यमंत्री ने किसानों को स्मार्ट फोन की ख़रीद पर सरकारी सहायता वितरण का शुभारंभ कराया

- कृषि, मौसम, ऋण, सहायता, बीज इत्यादि की जानकारियाँ सिंगल क्लिक पर मिलेंगी : भूपेन्द्र पटेल

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के किसानों को स्मार्ट फोन की ख़रीद पर सहायता वितरण का गांधीनगर से शुभारंभ कराते हुए स्पष्ट कहा कि किसान सरकार की प्राथमिकता-प्रायोरिटी हमेशा थे, आज भी हैं और भविष्य में भी रहेंगे ही। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि किसानों की प्रत्येक समस्या के समाधान में सरकार उनके साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी ने किसानों के हितों की चिंता की है और किसान कल्याण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जगत के तात को आर्थिक समृद्धि की दिशा दिखाई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य सरकार के कृषि, किसान कल्याण एवं सहकारिता विभाग की ओर से 15 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ शुरू हुई 'स्मार्ट फोन सहायता योजना' के अंतर्गत प्रतीक के रूप में कृषकों को 1.84 लाख रुपए की सहायता का वितरण किया। कृषि मंत्री राघवजीभाई पटेल, राज्य मंत्री मुकेशभाई पटेल, कुबेरभाई डिंडोर व देवाभाई मालम और मुख्य सचिव पंकज कुमार सहित लाभार्थी किसान इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राज्य भर में लगभग 70 स्थानों से साढ़े तीन हज़ार से अधिक किसान सहभागी हुए। इस योजना के प्रारंभ में राज्य में 5911 किसानों को 3.37 करोड़ रुपए की सहायता राशि का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने इन किसानों को प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें डिजिटल क्रांति का जो संकल्प दिया है, जिसमें गुजरात का किसान कहीं भी पीछे न रहे और डिजिटल क्रांति की इस 21वीं सदी में स्मार्ट फोन के व्यापक उपयोग से किसान भी स्मार्ट-सुसज्ज बनें। यही हमारा लक्ष्य है। भूपेंद्र पटेल ने कहा कि आज के युग में शिक्षा, मार्केटिंग, फोटोग्राफी, ज्ञान-विज्ञान के लिए मोबाइल फोन का उपयोग बढ़ा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि किसान भी खेती में स्मार्ट फोन अपनाएँ। उन्होंने जोड़ा कि राज्य सरकार ने इस उद्देश्य से किसानों को स्मार्ट मोबाइल फोन ख़रीद के लिए सहायता देने का उदार दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि ये स्मार्ट फोन धरती पुत्रों के लिए अत्यंत उपकारी सिद्ध होंगे। किसान को अब विभिन्न सहायता-लोन, मौसम की भविष्यवाणी, खाद-बीज व फ़सल पद्धति जैसी जानकारियों और विवरणों के लिए खेत छोड़ कर नहीं जाना पड़ेगा। किसान को ये सारी सुविधाएँ खेत में बैठे-बैठे स्मार्ट फोन में वन क्लिक पर ही उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में कृषि क्षेत्र में ऑनलाइन तथा डिजिटल टेक्नोलॉजी की बढ़ती व्यापकता की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के कृषि विभाग द्वारा शुरू किए गए आई-खेडूत पोर्टल पर एक ही वर्ष में ऑनलाइन एप्लिकेशन की संख्या 27 लाख 30 हज़ार पर पहुँची है। यही किसानों की जागृति का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि किसान-कृषिकार ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग से कीटनाशक छिड़काव सहित कृषि संबंधी पद्धति तथा प्राकृतिक खेती के अधिक से अधिक उपयोग से ज़ीरो बजट-रसायन मुक्त खेती की ओर मुड़ें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की समस्याओं के प्रति राज्य सरकार हमेशा सकारात्मक है। उन्होंने अनुरोध किया कि सभी साथ मिल कर राज्य के कृषि क्षेत्र के सर्वग्राही विकास के लिए कार्यरत् रहें।

कृषि मंत्री राघवजीभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'स्मार्ट फोन सहायता योजना' का निर्माण व क्रियान्वयन कर किसानों को खेती की समूची जानकारी तथा सारा ज्ञान उंगलियों पर उपलब्ध कराने का राज्य सरकार का यह प्रयास है। राज्य सरकार 'किसान सुखी, तो देश सुखी' मंत्र के साथ कृषकों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि महोत्सव, सिंचाई योजनाओं, ज्योतिग्राम योजना, बाग़बानी फ़सल प्रोत्साहन, एग्रो बिज़नेस पॉलिसी, आई-खेडूत पोर्टल जैसे विशिष्ट प्रयासों से किसानों की सहायक बन रही है। 'स्मार्ट फोन सहायता योजना' इस दिशा में सरकार का एक और प्रयास है। कृषि मंत्री ने इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा कृषि उत्पादों की समर्थन मूल्य पर ख़रीद, किसानों को प्राकतिक आपदाओं से होने वाले नुक़सान के समय सहायता, सात पगलां खेडूत (सात क़दम किसान) कल्याण योजना के लाभालाभ आदि की विस्तार से समीक्षा की।

# मुख्यमंत्री ने दो नगर पालिकाओं को कुल 6.43 करोड़ के आवंटन को दी सैद्धांतिक मंजूरी

- स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत किए जाएंगे विशिष्ट पहचान के कार्य

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत नगरों एवं महानगरों में विशिष्ट पहचान के कार्यों के लिए ग्रांट देने का दृष्टिकोण अपनाया है। ऐसे विशिष्ट पहचान के कार्यों के अंतर्गत नगरों की खुशहाली और जनहित के कार्यों के मार्फत संबंधित नगर की विशिष्ट पहचान स्थापित करने के कार्य किए जाते हैं। गौरतलब है कि स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत राज्य सरकार नगरों एवं महानगरों में विशिष्ट पहचान के विभिन्न विकास कार्य करने के लिए रकम आवंटित करती है।

भूपेंद्र पटेल ने ऐसे विशिष्ट पहचान के कार्यों के अंतर्गत स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत शिंगोड़ा नदी पर रिवरफ्रंट के कार्य के लिए 3 करोड़ 25 लाख रुपए के कोडीनार नगर पालिका के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। पटेल ने इन कार्यों के संबंध में प्रस्तुत की गई फिजिबिलिटी रिपोर्ट, गैप एनालिसिस स्टडी रिपोर्ट और जनरल रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कोडीनार नगर पालिका के अलावा तळाजा नगर पालिका में भी स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के अंतर्गत विशिष्ट पहचान के कार्यों के तहत आधुनिक टाउन हॉल के निर्माण के लिए 3 करोड़ 18 लाख रुपए के कार्यों के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इस तरह, कोडीनार और तळाजा सहित राज्य की और दो नगर पालिकाओं में कुल 6.43 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के अंतर्गत विशिष्ट पहचान के कार्यों के लिए मंजूरी दी गई है। वर्ष 2021-22 में अब तक राज्य की 8 नगर पालिकाओं को स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के अंतर्गत विशिष्ट पहचान के कार्यों के लिए कुल 16.94 करोड़ रुपए के आवंटन की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

# गुजरात में ई-व्हीकल के उत्पादन को प्रोत्साहन देने राज्य सरकार की खास पहल

- पीएम मोदी ने आत्मनिर्भरता के नए विचार से देश के टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को दी नई दिशा: मुख्यमंत्री

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि समूची दुनिया जब कोरोना महामारी की मुश्किलों से जूझ रही थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतवासियों को 'आत्मनिर्भरता' का नया विचार देकर देश के टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि ई-व्हीकल की मैन्युफैक्चरिंग देश के पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए फायदेमंद है। राज्य में ई-व्हीकल के उत्पादन को प्रोत्साहन देने की खास पहल करते हुए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के ई-व्हीकल क्षेत्र के 31 स्टार्टअप संस्थापकों और इनोवेटर्स यानी नवोन्मेषकों से बुधवार को गांधीनगर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात कर वन-टू-वन संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि साहस, सूझ-बूझ और काबिलियत हो तो कोई भी व्यक्ति स्टार्टअप शुरू कर सकता है। सरकार हमेशा राज्य के स्टार्ट संस्थापकों और नवोन्मेषकों के साथ खड़ी है। देश के युवा स्टार्टअप संस्थापक और नवोन्मेषक आत्मनिर्भर भारत की यात्रा के मुख्य चालक बल हैं। उन्होंने ई-व्हीकल की बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर, चार्जिंग और रेट्रोफिटिंग फैसिलिटी जैसे महत्वपूर्ण पार्ट्स का उत्पादन करने वाले स्टार्टअप संस्थापकों की राज्य की ई-व्हीकल प्रोडक्शन की इकोलॉजी को सुदृढ़ करने के लिए विशेष रूप से सराहना की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ई-व्हीकल क्षेत्र के स्टार्टअप संस्थापकों और नवोन्मेषकों से जरूरी सवाल पूछते हुए उनके संशोधनों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय (जीटीयू), गुजरात यूनिवर्सिटी स्टार्टअप एंड एंटरप्रेन्योरशिप काउंसिल (जीयूएसईसी), आई-क्रिएट, आई-हब, एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) और पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी (पीडीईयू) जैसे स्टार्टअप इन्क्यूबेटर संस्थानों से पहुंचे इन युवा स्टार्टअप संस्थापकों और नवोन्मेषकों ने अपने अभिनव नवाचार और उसकी वायबिलिटी यानी व्यवहार्यता तथा बाजार में उपस्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को उत्साह के साथ तमाम जानकारियों से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने जिन ई-व्हीकल निर्माताओं के साथ वन-टू-वन संवाद किया उसमें 'ग्रीन वोल्ट मोबिलिटी' स्टार्टअप के संस्थापक सार्थक बक्षी, 'मोशन ब्रिज' स्टार्टअप के संस्थापक अनंत सिंह तोमर, विद्युत व्हीकल स्टार्टअप के संस्थापक ध्रुव ठक्कर, इंजीक्यूब स्टार्टअप के संस्थापक धर्मेंद्र पटेल, राज इलेक्ट्रोमोटिव्स स्टार्टअप के संस्थापक राज मेहता, सोलर ईवी स्टेशन/पार्किंग चार्जिंग स्टार्टअप के संस्थापक शनि पंडया, टेक्नोवेट मोबिलिटी के दर्पण कड्डु, एम.सी.एस. कार्ग्र प्रा. लि. के राज अनुपम, मेरो मोबिलिटी के सारंग देशपांडे, ईवी पोर्टफोलियो के परेश पटेल और तेजस वाघेला, नक्षत्र लैब्स के पीयूष वर्मा, स्पार्क इनोवेशन्स के रितुल शाह, प्लाज्मा प्रोपल्शन के जिज्ञेश चौधरी, टीम टिंकरर्स के सचिन पंचाल, इडिथ रोबोटिक्स के प्रणव पटेल, ग्रीडन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. के जितेश डोडिया, रायनो व्हीकल्स प्रा. लि. के विशाल धामेचा, व्हाइट कार्बन मोटर्स प्रा.लि. के प्रतीक सिंह सांखला, ई-बज मोबिलिटी एलएलपी के शिव शाह, इकोनॉमिबिलिटी इनोवेशन्स के शरद पटेल, हेल्लो स्टेक मोबिलिटी के ऋत्विज दसाड़िया, ई वेगा मोबिलिटी लैब्स के शुभम मिश्रा, सवारी ई (रेडियल सोल्युशन्स प्रा. लि.) के व्रज शाह, ट्रांजिस्टर के देवेश पटेल, आर.के. इलेक्ट्रो व्हीकल के अर्पित चौहान, आर्क ई बाइसिकल के उमंग पटेल, मोनोज के मिलन हंसालिया, ईवी रेन्टिंग/ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के प्रचित पटेल, सोलर हाइब्रिड व्हीकल के अभिषेक शाह और ट्राइसिकल के उज्जवल शाह शामिल हैं।

# अहमद पटेल के 9 रत्नों के रहते कांग्रेस का कभी उद्धार नहीं होगा : दिनेश शर्मा

अहमदाबाद (ईएमएस) अहमदाबाद महानगर पालिका में विपक्ष के नेता रहे दिनेश शर्मा ने आज इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस को डूबता जहाज बताया और कहा कि जब तक अहमद पटेल के 9 रत्नों के हाथ पार्टी कमान है, तब तक इसका उद्धार नहीं हो सकता। मीडिया से बात करते हुए दिनेश शर्मा ने कहा कि डॉ. रघु शर्मा गुजरात में कांग्रेस सत्ता में आए इसके लिए प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है, न कि व्यापार करने के लिए। गुजरात कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा अहमदाबाद शहर के नेताओं को मुलाकात का समय नहीं देते। यह मेरा अपमान है या नहीं यह राहुल गांधी तय करें। गुजरात कांग्रेस ने जिलेवार एजेंसी प्रथा शुरू की है, जो अलग अलग गुटों में बंट गई हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से मिलने का कई बार प्रयास किया है उन्होंने कभी समय नहीं दिया। अगर राहुल गांधी से मिलने का समय मिला होता तो उन्हें पता चल जाता कि उनके नौ रत्न गुजरात में अच्छा काम कर रहे हैं यह दावा गलत साबित हो जाता। राहुल गांधी के पास कोई ओहदा नहीं है तो वह किस काम व्यस्त हैं जो पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलने का समय नहीं देते। प्रधानमंत्री से 24 घंटों में मिला जा सकता है, तो राहुल गांधी से क्यों नहीं? बता दें कि दिनेश शर्मा से पहले गुजरात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता जयराजसिंह परमार, भरत देसाई के अलावा पूर्व विधायक हीरा पटेल समेत अनेक लोग भाजपा जॉइन कर चुके हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि दिनेश शर्मा भी जल्द ही भाजपा में शामिल हो जाएंगे।

# कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान, 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होंगी

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (जीएसईबी) ने कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों का आज ऐलान कर दिया। यह परीक्षाएं 28 मार्च से 12 अप्रैल 2022 के दौरान आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष पहली बार कक्षा 10 में गणित की 2 परीक्षाएं अलग अलग दिन ली जाएंगी। 30 मार्च को बेजिक गणित और 31 मार्च को स्टारन्डर्ड गणित की परीक्षा ली जाएगी। इस वर्ष कक्षा 10 में करीब 9.70 लाख और कक्षा 12 में 4.22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए फार्म भरे हैं। जबकि कक्षा 12 विज्ञान संकाय में 1 लाख समेत करीब 14 लाख जितने विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे। गौरतलब कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद सरकार ने कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा और कक्षा 9 से 11 की वार्षिक परीक्षा दो सप्ताह विलंब से लेने का फैसला किया था। ताकि कोर्स पूरा किया जा सके और खासकर कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने पर्याप्त समय मिल सके। इस वजह से कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाएं 14 मार्च के बजाए 28 मार्च से शुरू होंगी। देर से परीक्षाएं लिए जाने के कारण स्कूलों में ग्रीष्मावकाश भी विलंब से शुरू होगा।

# पीएसआई भर्ती के लिए प्रिलिमनरी परीक्षा 6 मार्च को होगी

अहमदाबाद (ईएमएस) राज्य में पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा पीएसआई की शारीरिक कसोटी लेने के बाद अब 6 मार्च को प्रिलिमनरी परीक्षा का आयोजन किया गया है। जानकारी के मुताबिक आगामी 6 मार्च को पीएसआई की प्रिलिमनरी परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा अहमदाबाद और गांधीनगर में होगी। शारीरिक कसोटी में उत्तीर्ण सभी उम्मीदवारों को परीक्षा की तारीख याद रखें। जल्द ही परीक्षा कॉल लेटर जारी किए जाएंगे। बता दें कि दिसंबर से पीएसआई भर्ती के लिए शारीरिक कसोटी ली गई थी। जिसमें लाखों उम्मीदवार शामिल हुए थे। गत जनवरी महीने में जारी परिणाम के मुताबिक 98 हजार उम्मीदवारों को उत्तीर्ण घोषित किया गया था।

# 500 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप मुझे बदनाम करने की साजिश : पूर्व मुख्यमंत्री

राजकोट (ईएमएस) गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की साजिश है। कांग्रेस का जहाज डूब रहा है और उसके नेता भाजपा जॉइन कर रहे हैं। इससे लोगों को ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस यह साजिश रच रही है। बता दें कि विधानसभा में विपक्ष के नेता सुखराम राठवा, उपनेता शैलेष परमार, कांग्रेस के दंडक सीजे चावडा समेत कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। राजकोट नगर विकास प्राधिकरण (रूडा) में शामिल किए गए आणंदपर, नवागाम और मालियासण के अलग अलग 20 सर्वे नंबर की 111 एकड़ जमीन में 500 करोड़ का भ्रष्टाचार विजय रूपाणी ने किया होने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की थी। विजय रूपाणी ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि कांग्रेस जिस 500 करोड़ की बात कर रही है वह पूरी तरह निराधार है। जब जमीन ही करीब रु. 75 करोड़ की है तो उसमें 500 करोड़ का भ्रष्टाचार कैसे संभव है? विजय रूपाणी ने ट्वीट कर कांग्रेस के आरोपों का जवाब दिया। रूपाणी ने ट्वीट में लिखा '500 करोड़ रुपए तो क्या पांच रुपए का भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिसे पीलिया है, उसे सब पीला ही नजर आता है। विजय रूपाणी ने किसी भी प्रकार की जांच के लिए तैयारी दर्शाई। आगे लिखा कि सांच को भी आंच नहीं आती। कांग्रेस का जहाज डूब रहा है और उसके भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे लोगों को ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस निराधार आरोप लगा रही है।

## पति पत्नी और वो

# राजकोट में पत्नी ने पति की प्रेमिका का अपहरण किया

राजकोट, २३ फरवरी।

राजकोट के अवध रोड पर एक युवती घायल अवस्था में मिली थी।

उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी जानकारी पाते ही पुलिस भी अस्पताल में पहुंची और पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि युवती का जिस युवक के साथ प्रेम संबंध था, उसकी पत्नी ने ही दो युवकों की मदद से उसका अपहरण करवा लिया था। इसके बाद हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से उसकी पिटाई की। इतना ही नहीं, महिला ने युवती के गुप्तांग में मिर्ची पाउडर भी भर दिया था।

फिलहाल युवती का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस जांच में पता चला कि पत्नी ने पति को उसकी प्रेमिका के साथ देख लिया था। जिससे गुस्साई पत्नी ने दो साथी मित्रों के साथ मिलकर पति की प्रेमिका का अपहरण कर लिया और इसके बाद उसकी पिटाई करते हुए उसके गुप्त हिस्से में मिर्ची भर दी थी। इसके बाद हाथ-पैर बंधी हालत में ही पीड़िता को सड़क पर फेंक दिया था।

लोधिका पुलिस ने प्रेमी की पत्नी और उसके दो साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है।

शहर के पारेवडी चौक में मोहसीन और उसकी प्रेमिका साइकिल खरीदने के लिए साइकिल स्टोर पर आए थे। मोहसीन और उसकी प्रेमिका खरीदारी कर रहे थे, तभी मोहसीन की पत्नी भी वहां पर आ पहुंची। अपनी पत्नी को देखकर मोहसीन के पैरों तले मानो जमीन खिसक गई। वहीं, दूसरी ओर पत्नी का आक्रोश बढ़ गया और उसने फोन कर अपने दो परिचित युवकों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद ऑटो रिक्शा से उसका अपहरण कर अवध रोड की ओर ले गई। यहां महिला के साथ तीनों ने बेरहमी की। इसके बाद युवती को वहीं छोड़कर मोहसीन की पत्नी और उसके साथी वहां से चले गए। इस दौरान मोहसीन प्रेमिका को छोड़कर भाग निकला था।

मामलतदार ने घटना स्थल पर पहुंचकर युवती का बयान दर्ज किया। पुलिस के अनुसार युवती की उम्र ४० साल है। उसके ४ बच्चे भी है। जबकि बड़ा बेटा २० साल का है। मोहसीन ने हिंदू युवती के साथ प्रेम विवाह किया था।

# कल जियाव-बुटिया तालाब में डूबे दो किशोरों के शव आज मिले

सूरत (ईएमएस) शहर के भिंडी बाजार क्षेत्र के सिद्दीकनगर में रहनेवाले दो किशोर मंगलवार को जियाव-बुडिया स्थित तालाब में नहाने गए थे। जहां पानी में डूबकर दोनों की मौत हो गई। फायर विभाग की टीम में कई घंटों की मशक्कत के बाद आज तालाब से दोनों किशोरों के बाहर निकाले। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही शुरू की है। जानकारी के मुताबिक सूरत के भेस्तान में भिंडी बाजार क्षेत्र के सिद्दीकनगर में रहनेवाले 13 वर्षीय आदिब अमजदखान पठान और 14 वर्षीय अजमेर नसीम अंजारी स्कूल से छूटने के बाद जियाव-बुटिया स्थित तालाब में नहाने गए थे। जहां दोनों किशोर गहरे पानी में डूबने लगे। खबर मिलते ही फायर विभाग की टीम तालाब पर पहुंच गई और दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी। कई घंटों की मशक्कत के बाद भेस्तान फायर विभाग टीम ने आज दोनों किशोरों के शव तालाब से बाहर निकाल पुलिस को सौंप दिए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की है।

# कच्छ में महसूस हुए भूकंप के झटके, जानमाल का कोई नुकसान नहीं

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात के कच्छ जिले में बुधवार को 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार, दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर भचाऊ के पास भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र भचाऊ से 12 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पश्चिम में, 12 किलोमीटर की गहराई पर था।

अधिकारी ने बताया कि भूकंप के कारण किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। दरअसल कच्छ, अत्यधिक उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है, वहां अक्सर कम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस होते हैं। जिले में 18 फरवरी को भचाऊ के पास 3.4 और 3.1 तीव्रता के भूकंप झटके महसूस किए गए थे। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली सूचना के अनुसार, जिले में जनवरी 2001 में 6.9 की तीव्रता का भीषण भूकंप आया था, जिसमें 13,800 लोगों की जान चली गई थी जबकि 1.67 लाख लोग घायल हुए थे।

# टाटा मोटर्स ने भारत का # नंबर 1 एसयूवी ब्रैंड होने का जश्न मनाया

मुंबई, 23 फरवरी 2022 : भारत के प्रमुख ऑटोमोटिव ब्रैंड टाटा मोटर्स ने एसयूवी वर्ग में अपनी नेतृत्व की स्थिति का जश्न मनाते हुए आज, ''एसयूवी का अनटेम्डज काज़ीरंगा एडिशन'' लॉन्च किया। यह मॉडल भारत के समृद्ध भौगोलिक क्षेत्र और जैविक विविधता से प्रेरित है और इसमें भारत के महान राष्ट्रीय उद्यानों को भी सम्मोन दिया गया है। एसयूवी के प्रतिष्ठित और अपनी तरह के विशेष संस्करण मे भारत की पहली और सुरक्षित सब कॉम्पैक्ट एसयूवी- द पंच, भारत की पहली जीएनसीएपी 5 स्टार रेटेड कार नेक्सॉकन, लैंडरोवर के डीएनए के साथ मिलने वाली कंपनी की प्रीमियम एसयूवी हैरियर और कंपनी की मशहूर और सबसे महत्वपूर्ण 7 सीटर एसयूवी सफारी को शामिल किया जाएगा। काज़ीरंगा संस्करण के लिए बुकिंग आज से शुरू होगी और यह संस्कएरण टाटा मोटर्स की सभी अधिकृत डीलरशिप्सा पर केवल अपने संबंधित टॉप ट्रिम्स पर उपलब्धस होगा।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड में मार्केटिंग और कस्टमर केयर विभाग के वाइस प्रेसिडेंट श्री राजन अंबा ने इस अवसर पर कहा, ''एसयूवी की दिशा में उपभोक्ताओं का झुकाव वैश्विक ट्रेंड बन चुका है। और भारत में भी यही ट्रेंड चल रहा है। हम अपनी नई फॉरएवर रेंज की एसयूवी के साथ इसी ट्रेंड पर खास ध्यान दे रहे हैं, जिसकी हमारे उपभोक्ताओं ने काफी सराहना की। हमें खुशी है कि इंडस्ट्री के मौजूदा माहौल में बाजार में उपलब्ध बेशुमार विकल्पों के बीच हम नंबर #1 एसयूवी ब्रैंड बनकर उभरे हैं। इसके लिए हम अपने सभी उपभोक्ताओं को ब्रांड में अपना भरोसा बरकरार रखने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। अपनी सफलता की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए, हमें एसयूवी का अनटेम्डए काज़ीरंगा संस्कलरण पेश करके काफी खुशी हो रही है।

# महाराष्ट्र सरकार नवाब मलिक का इस्तीफा नहीं लेगी- छगन भुजबल

मुंबई, (ईएमएस)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किए गए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता तथा महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के इस्तीफे पर महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने कहा है कि सरकार, नवाब मलिक का इस्तीफा नहीं लेगी. नवाब मलिक की गिरफ्तारी के बाद एक बैठक भी हुई. इस बैठक में राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार, उप मुख्यमंत्री अजित पवार, मंत्री छगन भुजबल और राजेश टोपे मौजूद थे. बैठक के बाद छगन भुजबल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार नवाब मलिक का इस्तीफा नहीं लेगी. मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ बैठक के बाद तीनों दलों ने इस पर सहमति जताई है. भुजबल ने कहा कि नवाब मलिक को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया था. उन्हें विपक्ष पर हमला करने की सजा मिल रही है. हम न्याय के लिए लड़ेंगे. वे (केंद्र) हमारी सरकार गिराने के लिए हमारे मंत्रियों पर दबाव बना रहे हैं. छगन भुजबल ने बताया कि शरद पवार के पास ममता बनर्जी (मुख्यमंत्री) और कांग्रेस नेताओं के फोन आए जिन्होंने अपना समर्थन व्यक्त किया.

# 24 फरवरी 2022 को खोडियार-गांधीनगर के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग 14 बंद रहेगा

अहमदाबाद मण्डल पर खोडियार-गांधीनगर रेलखंड के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग नं. 14 किमी (523/5-6) मरम्मत कार्य के लिए 24 फरवरी 2022 को प्रात: 08:00 बजे से 20:00 बजे तक बंद रहेगा।

सड़क उपयोगकर्ता इस अवधि के दौरान खोडियार-गांधीनगर के बीच स्थित रेलवे क्रोसिंग नं 15 किमी (523/11-12) का इस्तेमाल कर सकते है।

# दक्षिण पश्चिम रेलवे में नॉन-इंटरलोकिंग कार्य के चलते राजकोट मंडल की चार ट्रेनें आंशिक रूप से परिवर्तित मार्ग पर चलेंगी

दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल में स्थित मालुगुर यार्ड में नॉन-इंटरलोकिंग कार्य के चलते राजकोट मंडल की चार ट्रेनें आंशिक रूप से परिवर्तित मार्ग पर चलेंगी। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम श्री अभिनव जेफ के अनुसार परिवर्तित मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

1. ट्रेन संख्या 19568 ओखा-तूतीकोरिन विवेक एक्सप्रेस 25 फरवरी और 4 मार्च, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया गुंतकल-कुडप्पा-रेणिगुंटा-मेलपक्कम-जोलारपेट्टै होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें अनंतपुर, धर्मावरम, हिंदूपुर और येलहंका शामिल हैं।
2. ट्रेन संख्या 19567 तूतीकोरिन-ओखा विवेक एक्सप्रेस 27 फरवरी, 6 मार्च और 13 मार्च, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया जोलारपेट्टै-मेलपक्कम-रेणिगुंटा-कुडप्पा-गुंतकल होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें बंगारपेट, कृष्णराजपुरम, येलहंका, हिंदूपुर और धर्मावरम शामिल हैं।
3. ट्रेन संख्या 16613 राजकोट-कोयंबटूर एक्सप्रेस 27 फरवरी, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया गुंतकल-कुडप्पा-रेणिगुंटा-मेलपक्कम-जोलारपेट्टै होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें गुत्ती-अनंतपुर, धर्मावरम, हिंदूपुर, येलहंका, कृष्णाराजपुरम और बंगारपेट शामिल हैं।
4. ट्रेन संख्या 16614 कोयंबटूर-राजकोट एक्सप्रेस 4 मार्च, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया जोलारपेट्टै-मेलपक्कम-रेणिगुंटा-गुंतकल होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें बंगारपेट, कृष्णराजपुरम, हिंदूपुर, धर्मावरम, अनंतपुर और गुत्ती शामिल हैं।

रेल यात्रियों से निवेदन है कि वे उपरोक्त फेरबदल को ध्यान में रखकर अपनी यात्रा प्रारम्भ करें और ट्रेनों के परिचालन संबन्धित नवीनतम अपडेटस की जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन करें ताकि किसी प्रकार कि असुविधा ना हो।

# ऑपरेशन अमानतः राजकोट मंडल के आरपीएफ स्टाफ ने ट्रेन एवं स्टेशन पर छूटे हुए 57 यात्रियों के 7.73 लाख रु के कीमती सामान लौटाए

राजकोट मंडल के समर्पित कर्मचारी अपने सम्माननीय ग्राहकों को सुखद और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए हमेशा आगे रहते हैं। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम श्री अभिनव जेफ के अनुसार इसी क्रम में 22 फरवरी, 2022 को करीब 16.10 बजे राजकोट रेलवे स्टेशन पर बैग स्कैनर डयूटी पर तैनात महिला कॉन्स्टेबल प्रियांशी दुबे को एक बैग लावारिस हालत में सर्कुलेटिंग एरिया में पड़ा होने की सूचना मिली। उन्होने इस बैग को मशीन से चेक किया और उसमें कोई संदिग्ध सामान नहीं होने की पुष्टि होने पर बैग को रेल थाने में जमा करा दिया। रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा 2 पंचों के समक्ष बैग खोला गया। इस बैग में कुल 32000/- रु का सामान मिला जिसमें 28000/- रु नगद, स्पोर्ट्स शूज कीमत करीब 2000/- रु और एक अमेरिकन टूरिस्टर बैग कीमत 2000/- रु शामिल हैं। बैग में मिली एक डायरी मे लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर चंचल मुखर्जी नाम के व्यक्ति नाम ने बताया कि वह गाड़ी संख्या 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सांतरागाछी से राजकोट यात्रा करके आए थे और यात्रा के बाद ट्रॉली बैग स्टेशन पर ही भूल गए थे। यह यात्री 22 फरवरी को करीब 20.00 बजे बजे रेल थाना राजकोट पोस्ट पर उपस्थित हुआ और जानकारी के पूर्ण सत्यापन के बाद बैग और उसका सारा सामान उसे लौटा दिया गया।

गौर तलब है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में राजकोट मंडल के आरपीएफ स्टाफ द्वारा अभी तक 57 यात्रियों के ट्रेन एवं स्टेशन पर छूटे हुए करीब 7.73 लाख रु के कीमती समान को ऑपरेशन अमानत के तहत सही सलामत लौटाया जा चुका है। राजकोट डिविजन के मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कुमार जैन तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री पवन कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित रेलकर्मियों द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही, ईमानदारी और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की है।

# बाबाहरदेव सिंह जी की स्मतिमेंनि:शुल्क नेत्र शिविर स्वच्छता एवं वक्षारोपण का आयोजन

*अहमदाबाद.* 23फरवरी, 2022: सन्तनिरंकारी मिशन द्वारा बाबाहरदेव सिंहजी की स्मति में संपूर्णभारत वर्षमें 100 के करीब निरंकारी सत्संग भवनोंमें नि:शुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया **गया इसी लड़ी में इंडीक्यूप-कुबेरनगर स्थित** निरंकारी सत्संग ***भवन पर*** डॉ ***.जे. एल. विधानी और*** डॉ ***गिरीश नरसिंघानी*** की अध्यक्षता ???210 मरीजों **की जाँच** की**गयी एवम नज़र के चश्मे दिए गये**

। इसके अतिरिक्त मोतियाबिंद से संबंधित रोगियों का ऑपरेशन सरकारी अस्पतालों में???? ?????।इन सभी अभियानोंकाआयोजन कोविड–19 के दिशा–निर्देशों की पालना करते हुए ही किया ??? । जैसाकिविदितहीहैकिनिरंकारीबाबाहरदेव सिंह जी के सानिध्य मेंसन्तनिरंकारीमिशन ने आध्यात्मिकता द्वारा विश्वकोप्रेम, दया, करुणा, एकत्त्वजैसेभावों से जोड़कर, दीवाररहितसंसार की परिकल्पना को साकार किया। उन्होंने भक्तों को आध यात्मिकता के साथ.साथ मानवता एवं प्रकृति की सेवा करते हुए अपने कर्त्तव्यो को निभाने की प्रेरणादी।वर्तमान मे इसी श्रंखला को सत्गुरु माता सुदीक्षाजी महाराज निरंतरआगे बढ़ा रहे हैं।इसी मंतव्य की पूर्ति हेतु आज 23 फरवरीको यह नेत्र जांच शिविर ???।

इसके अतिरिक्त कोरोना काल में जबसमस्त भारत वर्श के अस्पतालोंमें ऑक्सीजन की कमीहोगईथीतबमिशन की ओर से 'वननेसवनपरियोजना' के अंर्तगत 21 अगस्त, 2021 को संपूर्ण भारत वर्शमें लगभग 350 स्थानों परडेढ़ लाख के करीब वश्क्ष रोपित किये गये?? और साथ ही उनकी देखभाल करने हेतु तीन वर्षो तक गोदलेकर उनके पालन पोषण का भी संकल्प लिया गया??।

# रूपीक ने भारत का पहला गोल्ड पावर्ड कार्ड पेश किया; एक अरब भारतीयों को दी जाएगी सुरक्षित ऋण तक बराबर पहुँच

बेंगलुरू, 22 फरवरी, 2022: देश के अग्रणी संपदा-प्रोत्साहित डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म रूपीक ने भारत का पहला गोल्ड-पावर्ड कार्ड लॉन्च किया है। इसकी मदद से करोड़ों उपभोक्ता बार-बार होने वाली ऋण की अपनी जरूरतों को अपने निष्क्रिय पड़े सोने की ताकत से पूरा करने में सक्षम होंगे। यह कार्ड हर किसी के लिये है, जिसे ज्यादातर भारतीयों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह प्रत्यक्ष ऋण चाहने वाले लोगों को त्वरित एवं सस्ता विकल्प देता है। यह क्रांतिकारी और अपनी तरह का पहला कार्ड है, जिसके लिये कोई सवाल नहीं किया जाता है और जो 60 मिनट से कम समय में ग्राहक के दरवाजे पर डिलीवर हो जाता है। इसकी ऋण सीमा 50 लाख रूपये तक की है। यह गोल्ड-पावर्ड कार्ड अपने सेगमेंट के पहले ऐसे फीचर्स से युक्त है, जो मौजूदा परितंत्र में किसी ने नहीं सुने हैं।

अभी यह कार्ड 14 शहरों में चालू हुआ है- बेंगलुरू, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, राजकोट, वडोदरा, विजयवाड़ा, लुधियाना, चंडीगढ़, अहमदाबाद, और सूरत। अगली तिमाही में इसे 16 अन्य शहरों में पहुँचाने की योजना है, ताकि ऐसे गोल्ड पावर्ड कार्ड्स की छिपी हुई मांग पूरी हो सके।

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादक: लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोन: 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95